SLCM GROUP IN NEWS

Publication	Date	Online Edition	Page no
Deshbandhu	4, Sep, 2025	Delhi	2

एसएलसीएम की बैंकों के साथ साझेदारी, देशभर में देगा कोलैटरल मैनेजमेंट सेवाएं

नई दिल्ली 3 सितम्बर (एजेंसियां)। सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, भारत की पोस्ट-हार्वेस्ट लॉजिस्टिक्स और एग्री-सॉल्यूशन्स कंपनी, ने देश के दो प्रमुख बैंकों आईडीबीआई बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस सहयोग के ज़रिए पूरे भारत में किसानों और एग्री-स्टेकहोल्डर्स को एकीकृत कोलैटरल मैनेजमेंट सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। आईडीबीआई बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के जुड़ने से एसएलसीएम की क्षमता और मजबूत हुई है, जिससे कंपनी अब अपनी अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार के साथ किसानों और व्यापारियों के लिए कृषि प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, तेज़ और भरोसेमंद बना सकेगी। इस साझेदारी पर एसएलसीएम के ग्रुप सीईओ संदीप सभरवाल ने कहा, प्रमुख बैंकिंग संस्थानों के साथ हमारी साझेदारी, और अब आईडीबीआई बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के जुड़ने से यह स्पष्ट होता है कि पिछले 16 वर्षों से एसएलसीएम ने एग्री सप्लाई चेन में लगातार नवाचार को बढ़ावा दिया है।